महत्वपूर्ण एवं खास

जिले में 725.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़ । चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 7 सितम्बर तक 725.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 735.8 मिली मीटर, पुसौर में 814.5, खरसिया में 673.2, सारंगढ़ में 750.7, बरमकेला में 596.3, घरघोड़ा में 741.7, तमनार में 635.0, लैलूंगा में 758.7 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 819.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल 21 सितंबर तक न्यायिक रिमांड पर भेजे गये

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल के खिलाफ हुई एफआईआर के बाद आज उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें 21 सितंबर तक के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल ने अपने एक बयान में ब्राम्हण समाज के लोगों को विदेशी कहा था, जिससे ब्राम्हण समाज के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में राजधानी रायपुर के डीडीनगर थाना में ब्राम्हण समाज के लोगों ने नंदकुमार बघेल के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी बयान जारी किया था जिसमें सरकार से भी ऊपर छत्तीसगढ़ में कानून को बताया था। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद खबर आई थी कि रायपुर पुलिस नंदकुमार बघेल को गिरफ्तार करने आगरा उत्तरप्रदेश गई हुई है, जहां उन्हें न केवल हिरासत में लिया गया, बल्कि रायपुर लाकर आज न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जनक कुमार हिडको के न्यायालय में भी पेश किया। बताया जा रहा है कि यहां न्यायालय में करीब एक घंटे तक चली बहस के दौरान नंदकुमार बघेल की ओर जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद न्यायालय ने उन्हें 21 सितंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के पिता नंदकुमार बघेल 86 वर्ष के है।

एक लाख का ईनामी नक्सली डीएकेएमएस अध्यक्ष गिरफ्तार

बीजापुर । जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत थाना जांगला से जिला बल एंव केरिपु 222/ए कंपनी माटवाड़ा, पोटेनार, कोतरापाल, भालू पहाडी की ओर निकली थी। अभियान के दौरान कोतरापाल से 01 लाख के ईनामी नक्सली डीएकेएमएस अध्यक्ष बोटी इचामी पिता पाण्डू उर्फ पण्डरू निवासी कोतरापाल थाना जांगला को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली बोटी उर्फ पण्डरू थाना जांगला क्षेत्रान्तगर्त 12 अगस्त 2015 को ग्राम टिण्डोड़ी के ग्रामीण की हत्या में शामिल था। थाना जांगला में 01 स्थाई वांरट भी लंबित है। थाना जांगला में कायर्वाही के उपरान्त न्यायालय बीजापुर में आज पेश किया गया।

आकाशीय बिजली गिरने से 41 बकरे-बकरियों की मौत

महासमुंद (आरएनएस)। महासमुंद में आकाशीय बिजली गिरने से 41 बकरे-बकरियों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, पटेवा निवासी किशुन बघेल और परऊ यादव सोमवार दोपहर करीब 3.30 बजे बकरियां चराने के लिए माता देवाला सहदेव सोर्रा शमशान घाट के पास गए थे। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई। सारे बकरा-बकरी भागकर इमली पेड़ के नीचे खड़े हो गए। थोड़ी दूरी पर दोनों चरवाहे भी खड़े थे। तभी बिजली गरजी और पेड़ पर गिर गई। कुछ देर बाद जब बारिश बंद हुई तो दोनों चरवाहे बकरियों को बुलाने गए। चरवाहे पेड़ के पास पहुंचे तो हैरान रह गए। वहां 41 बकरे-बकरियां मर चुके थे। उनके शव पेड़ के नीचे ही पड़े थे। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग से पटवारी और थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए। चरवाहों ने बताया कि वह 65 बकरे-बकरियां चराने के लिए लेकर आए थे। पटवारी ने मौके पर ही पंचनामा तैयार किया। अब वह विभाग को रिपोर्ट सौपेंगा। मृत बकरा-बकरियों को वहीं श्मशान घाट में दफना दिया गया है।

फील्ड में गिरदावरी के साथ उसकी ऑनलाईन एन्ट्री भी समय से करें पूरा-कलेक्टर भीम सिंह

» कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़। फील्ड में गिरदावरी का कार्य करने के साथ-साथ उसकी ऑनलाईन एन्ट्री भी समय से सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों द्वारा ली जा रही फसल के आधार पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत उनका पंजीयन भी करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने गिरदावरी कार्य को पूरी गंभीरता से तय समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने आज बैठक के दौरान जिले में अपेक्स बैंक मैनेजर से किसानों व वन पट्टाधारियों के लिए बनाए गए केसीसी के बारे में जानकारी ली। कम संख्या में केसीसी बनाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई और जिले के सभी सहकारी बैंक के ब्रांच मैनेजर को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में केसीसी बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की समीक्षा की और समूहों के भुगतान के बारे में भी जानकारी ली। बताया गया कि नियमित रूप से समूहों को भुगतान किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने गौठान निरीक्षण का प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस रिपोर्ट के आधार पर कमजोर प्रदर्शन वाले गौठानों की कन्वर्जन रेशियों सुधारने के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित किए जाने की बात भी उन्होंने कही। संबलपुरी गौठान में आजीविका मूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। कलेक्टर सिंह ने इस दौरान चारागाहों में नेपियर रूट्स प्लांटेशन की जानकारी ली। उन्होंने चारागाह में रिक्त बचे स्थानों पर मक्का लगाने के निर्देश पशुपालन विभाग को दिए।

कलेक्टर सिंह ने धान खरीदी केन्द्रों में मनरेगा से एप्रोच रोड व चबूतरा निर्माण के संबंध में प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने लोक सेवा केन्द्रों में निरस्त होने वाले आवेदनों की संख्या में कमी लाने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवेदनों के साथ लगाए जाने वाले दस्तावेजों की जानकारी अनिवार्य रूप से लोक सेवा केन्द्रों के बाहर चस्पा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने ई-नामांतरण के प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने जिले में जिन हैण्डपंपों के किनारे सोक पीट का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेख शुद्धता का कार्य तेजी से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। विकासखण्ड मुख्यालयों में तैयार किए जा रहे युवा केन्द्रों में जहां संसाधन की व्यवस्था पूर्ण नहीं हुई है उसे पूरा करते हुए शीघ्र युवा केन्द्रों का संचालन शुरू करने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम राजेन्द्र कटारा, नगर निगम आयुक्त।एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़।मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़।प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिंह ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के क्रियान्वयन हेतु सभी गांवों में नक्शा-खसरा की जानकारी अनिवार्य रूप से चस्पा कराने के निर्देश दिए। साथ ही गांवों में योजना का लाभ लेने पंजीयन कराने हेतु लोगों को सूचित करने के लिए मुनादी कराने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का पटवारी के माध्यम से सत्यापन कराकर पंजीयन कराए।

कलेक्टर सिंह ने जिला अस्पताल, एमसीएच व चपले के अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाए जाने के कार्यों की समीक्षा की। ईई पीडब्लूडी ने बताया कि प्लांट के लिए मेनीफोल्ड रूम बनाए जाने का काम किया जा रहा है। जिसके पूरा होने के पश्चात इंस्टालेशन का कार्य किया जाएगा। इसके लिए प्लांट प्रदान कर रही संस्था से टेक्नीशियन आयेंगे। कलेक्टर सिंह ने मेनीफोल्ड निर्माण के कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुये जल्द काम पूरा करने के निर्देश ईई पीडब्लूडी के अधिकारी को दिए। कलेक्टर सिंह ने इसके साथ ही खरसिया सिविल अस्पताल को मॉडल सीएचसी के रूप में अपग्रेड करने का कार्य इस माह के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान योजना के अंतर्गत मेडिकल शॉप संचालित करने के लिए सभी नगरीय निकायों में स्थान का चिन्हांकन पूरा करने के निर्देश दिए।

अवैध रूप से परिवहन करते 25 टन सरिया जब्त, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत वाहनों की सघन जांच की जा रही है, जिसमें कई थानाक्षेत्र अन्तर्गत लगातार अवैध मवेशी तस्कर पकड़े गये हैं। इसी बीच दिनांक 05-06.09.2021 के रात्रि गस्त के दौरान रायगढ की ओर से आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमई 9200 को घरघोड़ा पुलिस पावरग्रिड बाई पास चौक के पास पकड़ा गया। वाहन को चेक करने पर वाहन में करीब 25 टन सरिया लोड होना पाया गया। मौके पर चालक उद्यौ यादव को वाहन में लोड सरिया का खरीदी बिल रसीद मांग करने पर कांटा पर्ची एवं एक कागज में लोड सरिया का विवरण पेश किया जिसे बारीकी से पूछताछ करने पर पूंजीपथरा अजय रोलिंग मिल से 25 टन सरिया कीमती 12,50,000 रूपये का लोड कर कोतबा जिला जशपुर परिवहन करना बताया एवं कोई कागजात पेश नही करने पर चोरी के सम्पत्ति होने के संदेह पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपी चालक उद्यौ यादव पिता करमु यादव उम्र 28 वर्ष साकिन मधुवन थाना बागबहार जिला जशपुर छ.ग. से सरिया मय वाहन जप्त कर धारा 41(1-4)जाफौ/379 भादवि के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में सउनि चंदन सिंह नेताम, आर. 453 नरेन्द्र पैंकरा, आर. 1040 भानु चन्द्रा का मुख्य भूमिका रही है।

डंडे की चोंट से बड़े भाई की मौत, छत से गिरकर मौत होने की दर्ज कराया रिपोर्ट

» मर्ग जांच पर हुआ खुलासा, आरोपी भेजा गया रिमांड पर

रायगढ़। दिनांक 10/07/2021 के सुबह ग्राम ढोरम में रहने वाला सतीश कुमार राठिया पिता लक्ष्मण राठिया उम्र 21 वर्ष गांव के सरपंच को बताया कि उसकी बड़ा भाई पवन राठिया (24 साल) रात में शराब पीकर घर आया और नशे में छत में चढा गिर जाने से सिर में चोंट लगने से फौत हो गया है। सतीश कुमार राठिया गांव के सरपंच और अन्य लोगों के साथ थाना घरघोड़ा में अपने भाई के छत से गिरकर मौत हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया, जिस पर मर्ग क्र. 57/2021 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच लिया गया।

मर्ग जांच दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह को मामला संदेहास्पद लगने पर पुन- ग्राम सरपंच, कोटवार, पूर्व सरपंच एवं अन्य गवाहों से बारीकी से पूछताछ किया गया, जिसमें पता चला कि मृतक पवन राठिया घटना दिनांक 09/07/2021 को अपनी मां को शराब पीकर मारपीट कर रहा था जिसे सतीश राठिया आकर बीच बचाव करने लगा तो पवन छोटे भाई सतीश का गला दबाकर मारने की प्रयास किया तो सतीश पास पड़े एक डण्डा से पवन के सिर में दो- तीन डण्डा मारा, जिससे पवन के सिर में चोंट लगने से अत्याधिक खून रिसाव होने पर वह फौत हो गया। सतीश राठिया मारपीट कर चोंट पहुंचा कर हत्या करना पाये जाने पर मर्ग जांच से हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी सतीश राठिया को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

विद्युत तार चोरी करते समय करंट की चपेट में आने से हुई थी युवक की मौत, साथियों ने शव को जंगल में दफनाया

» गुम इंसान जांच पर हुआ खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस द्वारा गुम इंसान की जांच पर गुम युवक का शव जंगल खर्रीपतरा जंगल घरघोडी से बरामद किया, जांच पर तार चोरी करने गये मृतक के साथ गये उनके साथियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई जो विद्युत प्रभावित तार की चोरी करते समय जान जाने का खतरा जाने हुये मृतक को खम्भे में चढ़ाये हुये थे तथा उसकी मौत होने पर अपराध को छिपाने के उद्देश्य से शव को जंगल में दफना दिये थे। तीनों आरोपियों को घरघोड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 31/09/2021 को श्रीमती फुल कुमारी सिदार गुम इंसान रिपोर्ट आवेदन देकर दर्ज कराई कि दिनांक 29.08.2021 को राम सिंह सिदार गांव के परदेशी पटेल, तिलक राम सिदार, त्रिलोचन राठिया के साथ दुल्हा पहाड करील तोडने गया था। वापस नहीं आया, खोजबीन किये कोई पता नही चला। रिपोर्ट पर गुम इंसान 32/21 कायम कर पता तलाश में लिया गया।

थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में गुम इंसान -राम सिंह सिदार पिता दिरिप सिंह सिदार उम्र 33 वर्ष सा. बेलडीपा घरघोडी का पता तलाश किया गया। गुम इंसान के साथ गये संदेही उसके दोस्त परदेशी, त्रिलोचन, तिलक से बारीकी से पुछताछ करने पर बताये कि घटना दिनांक 29/08/2021 को लांबडांड के पास विस्तारित रेल्वे लाईन ट्रेक के खम्भा में लगे रेल्वे विद्युत तार को चोरी करने का योजना बनाये और राम सिंह को रेल्वे विद्युत प्रवाहित तार को काटने खम्भा में चढाये, राम सिंह तार को कोटते समय बिजली करेंट के चपेट में आने पर झुलस कर नीचे गिरा जिससे वहीं वह फौत हो गया। आरोपियों द्वारा मृतक के शव को उठाकर खर्रीपतरा जंगल घरघोडी में लाकर गढढे में दफना दिये। आरोपियों के निशानदेही पर मृतक राम सिंह के शव को बरामद किया गया एवं घटना के संबंध में दिनांक 06/09/2021 को अप.क्र. 291/2021 धारा 304,201,34 आईपीसी का अपराध दर्ज कर आरोपीगण परदेशी पटेल, त्रिलोचन राठिया, तिलक राम सिधार सभी ग्राम घरघोड़ी थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। इस मामले का पटाक्षेप करने में मुख्य रूप से उसके टीम सउनि चंदन सिंह नेताम, प्रआर. 354 मनोज मरावी, आर. 453 नरेन्द्र पैकरा, आर. 402 नंदू पैंकरा, आर. 552 विरेन्द्र भगत का मुख्य भूमिका रही है।

कलेक्टर के हाथों स्वचलित ट्राइसाइकिल पाकर खुश हुए दिव्यांग

रायगढ़ । सितम्बर 2021/ समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ संचालित योजना कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना अंतर्गत कलेक्टर भीम सिंह के हाथों कलेक्टोरेट परिसर में जिले के 2 दिव्यांगजनों को बाधारहित आवागमन के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदाय किया गया। जिले के सारंगढ़ अनुभाग के ग्राम सिलियारी निवासी दिव्यांग।गणेश साहू एवं घरघोड़ा अनुविभाग के ग्राम टेण्डा नावापारा निवासी दिव्यांग। पन्नालाल राठिया दोनों अस्थिबाधित दिव्यांग जनों को योजना अंतर्गत पात्र होने की स्थिति में बाधारहित आवागमन के लिए मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदाय कर लाभान्वित किया गया। कलेक्टर भीम सिंह ने दोनो दिव्यांग व्यक्तियों से बात कर उनकी कुशलता पूछी। दोनों दिव्यांग मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल पाकर बहुत खुश हुए और उन्होंने कलेक्टर सिंह एवं समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त किया। मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल वितरण के समय उप संचालक जे.एल.जांगड़े भी उपस्थित रहे।

जिला पुलिस ने सभी थानाक्षेत्रों में पुलिस जन चौपाल एवं चलित थाना आयोजित कर प्रारंभ की जन जागरूकता पखवाड़ा

» साइबर क्राईम व महिला अपराधों के प्रति लोगों को किया जागरूक

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत अगले 15 दिनों तक थाना, चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे, जिसकी शुरूआत आज दिनांक 07/09/2021 से किया गया। जन जागरूकता कार्यक्रम की दिशा में रिकॉर्ड सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। आज शहर में कोतवाली थाना क्षेत्र में कोतवाली पुलिस रियांपारा, चक्रधरनगर थानाक्षेत्र बोईरदादर, कोतरा रोड के ग्राम खैरपुर, जूटमिल के कयाघाट मोहल्ला, सारंगढ़ के गोडियारी, सरिया के ग्राम सांकरा, कोसीर के ग्राम डगनिया, केडार के ग्राम केडार, पूंजीपथरा के गेरवानी, धरमजयगढ़ के ग्राम आमापाली, घरघोड़ा के ग्राम रेंगालबहरी एवं कया, लैलूंगा के ग्राम ढोर्रोबीजा, तमनार के ग्राम पंचायत डोलेसरा, , खरसिया के ग्राम बानीपाथर, मौहापाली, छाल के ग्राम हाटी, भूपदेवपुर के ग्राम जबलपुर, जोबी के ग्राम केवाली तथा कनकबीरा के ग्राम घटोरा में पुलिस जन चौपाल, चलित थाना लगाया गया।

जन चौपाल लगाये जाने के उद्देश्य के अनुरूप थाना प्रभारियों द्वारा ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी गई उनके समस्याओं के निवारण के लिये आवश्यक पहल किया गया है तथा ग्रामवारियों को साइबर क्राइम से संबंधित अपराध एवं उससे बचाव के उपाय बताए गए। पास्को एक्ट के संबंध में जागरूक किया गया एवं बताया गया कि पास्को एक्ट में त्वरित कार्रवाई करने पुलिस प्रतिबद्ध है। साथ ही दुर्घटनाओं में कमी लाने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दिया गया।

ग्राम साकरा में थाना प्रभारी सरिया विवेक पाटले द्वारा पुलिस अधीक्षक के मंशा अनुरूप सभी ग्रामों में बीट सिस्टम के तहत थाने का स्टाफ ग्रामों की जानकारी रखी जा रही है, बताया गया। उन्होंने अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करना बताया गया है तथा ग्रामवासियों की मांग पर क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ाया जाना बताये। सरिया पुलिस द्वारा भीड़ वाले स्थान पर साइबर जागरूकता हेतु पोस्टर को चस्पा किया गया।

ग्राम आमापाली में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक अंजना केरकेट्टा व स्टाफ द्वारा चलित थाना लगाया गया, जिसमें स्कूल के बच्चे, महिला-पुरुष काफी संख्या में उपस्थित हुए। चलित थाना में ग्रामीणों को थाना प्रभारी द्वारा ऑनलाइन ठगी व विभिन्न प्रकार के आनलाइन ठगी, चिटफण्ड, महिला सम्बधित अपराध, शराब पीकर गाड़ी नही चलाना, सोना चांदी साफ करने के नाम पर ठगी, नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की जानकारी देकर बचाव के संबंध में जानकारी दिया गया। बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में बताया गया। धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा आनलाइन ठगी से बचाव एवं सजग रहने बनवाये गये फ्लैक्सी को सर्वजानिक जगहों पर लगाने गांव सरपंच को प्रदाय किया गया। इस दौरान आपसी विवाद की शिकायत प्राप्त होने पर दोनों पक्षों को समझाइश दी गई। ग्राम डोलेसरा में थाना प्रभारी तमनार एलपी पटेल द्वारा जन चौपाल का कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम, बैंक खाते, एटीएम नम्बर कार्ड नम्बर नहीं बताने का सुझाव दिया गया तथा अवैध शराब ,जुआ, सट्टा पर प्रतिबंध लगाने हेतु गांव में ग्राम रक्षा समिति बनाने तथा महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के लिए एवं महिला संबंधी अपराध की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। थाना प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं को सोशल साइट फेसबुक से फेक कॉल से बचने के लिए उपाय एवं सुझाव दिया गया है। इसी प्रकार विभिन्न थानाक्षेत्र अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रमों में अपराधों के प्रति जागरूकता लाये जाने का प्रयास जारी है। एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा द्वारा सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत पूरे माह भर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाना बताया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480